# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 12.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. घाटशिला में मतदान संपन्न होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम स्ट्रांग रुम में सील, मतगणना की तैयारी में जुटा प्रशासन, भाजपा और झामुमो ने किया अपनी–अपनी जीत का दावा।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, लाया जा सकता है पेसा नियमावली का प्रस्ताव।
3. राज्य स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में आज से राज्यव्यापी रक्तदान अभियान, सड़कों पर दिखेगी पारंपरिक नृत्य की झलक।
4. झारखंड को पूरे देश में बिजनेस रिफार्म के लिए मिला टॉप अचीवर अवार्ड, निवेशक अनुकूल नीतियों और सुधारों के लिए मिला सम्मान।

और

5. लोक सेवा प्रसारण दिवस आज, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गये ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में हर साल 12 नवंबर को मनाया जाता है यह दिवस।

***********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद अधिकांश इवीएम जमशेदपुर कोऑपरेटिव कालेज में बनाये गये स्ट्रांग रुम सील कर दिये गये हैं। स्ट्रांग रुम की सुरक्षा की जिम्मेवारी केन्द्रीय सुरक्षा बल को सौंपी गयी है।

***********************

बाद में पत्रकारों से बातचीत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि घाटशिला में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कुल 297 मतदान दलों ने अपनी ईवीएम को–ऑपरेटिव कॉलेज स्थित स्ट्रांग रुप में जमा कर दिया है जबकि भौगोलिक कारणों से 3 मतदान दल आज अपनी इवीएम जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरु होगी।

***********************

घाटशिला में मतदान संपन्न होने के बाद दावों और प्रतिदावों का दौर भी शुरु हो गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दावा किया कि पार्टी उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे।

इस बीच झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने श्री मरांडी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत का दावा उनकी हताशा और निराशा का परिणाम है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भी दावा किया कि घाटशिला की जनता ने महागठबंधन प्रत्याशी को समर्थन दिया है।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में बुलाई गयी है। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। इस बैठक में पेसा नियम, पथ, ऊर्जा, कृषि सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों पर मंजूरी मिल सकती है।

***********************

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की शुरुआत होगी। इसके तहत 28 नवंबर तक सभी जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा रांची समेत राज्यभर में आज सुबह–ए–झारखंड के तहत सड़कों पर पारंपरिक नृत्य आयोजित किये जा रहे हैं।

***********************

झारखंड ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। केन्द्रीय उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग द्वारा जारी बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान सर्वे 2024 में झारखंड को टॉप अचीवर के रुप में सम्मानित किया गया है। झारखंड को यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रदान किया गया।

***********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 52 लाख रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। यह सभी कार्य श्री सेठ के सांसद मद से किया जाना है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य किए जाएंगे।

***********************

गिरिडीह जिले में कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***********************

हजारीबाग में पुलिस ने रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटना में शामिल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष अपने अपराध को स्वीकार किए हैं। पुलिस ने अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये हैं।

***********************

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में जिला प्रशासन की ओर से छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लाजा चौक स्थित एक बार एंड लॉन्ज की तलाशी ली गयी, जहां हुक्का परोसा जा रहा था। प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बार के संचालक और हुक्का का सेवन कर रहे लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई की।

***********************

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर साल 12 नवंबर को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

***********************

राज्य के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में आ गये हैं। इस कारण ठंड और कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी भाग में शीतलहर से अगले दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान करीब ढाई डिग्री तक लुढ़क गया है।

***********************

कोटाम्बी स्टेडियम बड़ौदा में झारखंड और बड़ौदा के बीच खेला गया रणजी ट्राफी मुकाबला ड्रा पर खत्म हो गया। मैच का चौथा दिन झारखंड के बल्लेबाजों के नाम रहा। शिखर मोहन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली इस मुकाबले में पहली पारी की बढ़त के आधार पर झारखंड तीन और बड़ौदा को एक अंक प्राप्त हुआ।

***********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एक्जिट पोल में बिहार में फिर एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– ट्रांसजेंडरों के लिए राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में खुलेगी स्पेशल क्लिनिक।

**प्रभात खबर** लिखता है– विनय चौबे को निगरानी ने एक और मामले में न्यायिक हिरासत में लिया।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– निजी व्यवसायिक संस्थान नहीं ले सकेंगे मनमानी फीस।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– झूठे आरोप की पीआईएल खारिज, प्रार्थी पर दो लाख रुपये का जुर्माना।

*********समाप्त**********